हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री


12 नवापारा बस स्टैंड पर अव्यवस्था का आलम बीच...





14 महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर...









## खबर संक्षेप

### ग्राम दुलना में शपथ ग्रहण आज विधायक इंद्रकुमार होंगे शामिल



**नवापारा-राजिम।** ग्राम दुलना में आज 9 मार्च रविवार दोपहर 12 बजे नवनिर्वाचत सरपंच नंदकुमार साहू एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खेलुराम साहू,जनपद सदस्य वर्षा मिश्रा, नगर पालिका नवापारा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं पटेवा सोसायटी के अध्यक्ष दौवाराम साहू मौजूद रहेंगे।

### महिला दिवस पर शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का सम्मान



**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाओं, लिपिका, जुइंशाखी, निशु, अंकिता, श्वेता, ममता एवं गैर-शैक्षणिक महिला कर्मचारियों- तिलांजलि, समिति, कुलेश्वरी, गीता, कमला, रजनी, डाकेश्वरी, पूजा एवं छन्नी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी महिला कर्मचारियों ने अपने जीवन के अनमोल अनुभव साझा किए और विद्यालय की छात्राओं को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने सभी को सम्मानित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन के बहुमूल्य अनुभव भी साझा किए।

### दिवस : उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

# जिले में ऑडिटोरियम का होगा निर्माण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज गरियाबंद के वन विभाग स्थित ऑक्सन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव ने की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला के समस्त विकासखण्डों के एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं सहित प्रत्येक परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

- विधायक रोहित एवं जनक कार्यक्रम में हुए शामिल

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार के साथ समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश की राष्ट्रपति भी महिला के रूप में सर्वोच्च पद पर रहकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर है। शासन भी महिलाओं को आगे बढ़ाने विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह महतारी वंदन योजना के तहत प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आजीविका गतिविधियों के लिए बिहान योजना भी संचालित है। उन्होंने बड़े कार्यक्रमों के लिए अधिक संख्या में बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गरियाबंद में ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। इस ▶▶|शेष पेज 12 पर






**खास बातें**

- महिलाओं से संबंधित विभिन्न खेल एवं शैक्षणिक गतिविधियों का हुआ संचालन
- जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम

### खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाएं हुईं शामिल

*कार्यक्रम में महिलाओं के विभिन्न प्रकार के खेलकुद प्रतियोगिता, रंगोली तथा व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में महिलाओं ने बड़ी उत्सुकता एवं उमंग के साथ भागीदारी सुनिश्चित की। महिला के सम्मान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, नगर पालिका गरियाबंद के अध्यक्ष रिखी राम यादव, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू, शिवांगी चतुर्वेदी, लोकेश्वरी नेताम, नेहा सिंघल, अध्यक्ष जनपद पंचायत मैनपुर मोईना नेताम, अध्यक्ष जनपद पंचायत देवभोग पदमाल्या निधि एवं अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा कुलेश्वरी निषाद सहित विभागीय महिला अधिकारी-कर्मचारियों सहित महिलाएं मौजूद रही।*

## महानदी का हाल देखने पहुंची नपा अध्यक्ष, प्रदूषण पर जताई चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विश्व महिला दिवस के अवसर पर नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू सुबह-सुबह महानदी की स्थिति को देखने के लिए पहुंची। नगर पालिका अध्यक्ष के साथ सीएमओ प्रदीप मिश्रा एवं पालिका का अमला भी साथ था। सोमवारी बाजार के पास नदी में उतरकर अवलोकन किया। इस प्वाइंट पर महानदी की दयनीय स्थिति एवं प्रदूषण को देखकर पालिका अध्यक्ष ने चिंता जाहिर किया। यहां एक फिट तक काई, घास एवं कंटीली झाड़ियां उग आई है। जिसकी सफाई के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजने की बात कही। उन्होने कहा कि नदी को हमारे देश में मां का दर्जा दिया गया है। विगत कई वर्षों से नदी की सफाई के लिए किसी भी प्रकार की पहल नही की गई है। शहर के नागरिकों ने समय-समय पर नदी की स्थिति पर चिंता जाहिर भी किया है। हरिभूमि भी महानदी के दयनीय हालत की रिपोर्ट एक नही कई बार प्रकाशित किया है। बता दें कि महानदी संपूर्ण छत्तीसगढ़ के आस्था का केंद्र है। अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि महानदी की सफाई के लिए भरसक प्रयास करूंगी। उल्लेखनीय है कि यह शहर महानदी के किनारे बसा हुआ है। लगभग 2 किलोमीटर लंबाई में एक ओर से महानदी इस ▶▶|शेष पेज 12 पर




## नवापारा में स्वच्छता दीदियों का हुआ सम्मान

**नवापारा-राजिम।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ,सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने स्वच्छता दीदियों का सम्मान शाल एवं श्रीफल देकर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि नगर की सफाई एवं स्वच्छता में स्वच्छता दीदियों का विशेष योगदान है। सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदी नगर की रीढ़ है। पूरे नगर की सफाई का बीड़ा सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों के हाथ में है। सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीयों के बदौलत आज पूरा नगर साफ सुथरा एवं स्वच्छ है। उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि स्वच्छता के बिना विकसित भारत की परिकल्पना नहीं की जा सकती। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को गति देने का कार्य सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदी कर रही हैं। सम्मान कार्यक्रम में 30 से अधिक स्वच्छता दीदी सहित पार्षद रवि साहू,लोमेश्वरी साहू,सहदेव कंसारी, सचिन सचदेव, भारत सोनकर,केकती सोनवानी,पूजा कंसारी,जीना निषाद,निर्मला साहू, नम्मू ध्रुव उपस्थित रहे।

# सरगी नदी की हुई गंगा आरती, सुरक्षा का सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



प्रदेश की नदियों को छत्तीसगढ़ व देश के लोग मां का रूप मानते है। लेकिन वर्तमान समय में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा खत्म करने की योजना चल रही हैं। नदी को बर्बाद कर रहे हैं जिसकी चिंता करने वाले कोई नहीं है। नदी हमारी मां हैं और हम अपनी मां की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं, नदी का सेवा करना राष्ट सेवा जैसा हैं। कथा वाचिका दीदी मां प्रज्ञा भारती ने कहा की नदियों के प्रति पूज्य भाव हमारे ऋषियों ने हमें सिखाया है। नदिया देश की जो जल का स्रोत है और जल ही जीवन है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इसके लिए एक व्यापक जन जागरण करने के उद्देश्य से पूरे देश की नदियों पर महाआरती प्रकल्प के माध्यम से नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक व्यापक जन जागरण कर रही हूं लोगों के मन में नदियों के प्रति पूज्य भाव आए जब मंदिर की तरह नदी को देखेंगे तभी समझेंगे की हम नदी को पवित्र रख सकेंगे नदी के प्रति चाहे वह कोई भी नदी हो पवित्र नदियों के प्रति लोहरसी, रवेली, मुरमुरा, कसेरुडीह, सहसपुर, तरीघाट, सिर्रीखुर्द के सरगी नदी पर पूज्य भाव है लेकिन अन्य नदियां हैं उनके प्रति भी पूज्य भाव हो क्योंकि देश की सारी ▶▶|शेष पेज 12 पर


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**


## सीमेंट से भरा ट्रक पलटा



**मैनपुर ।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किमी दूर नेशनल हाइवे 130 सी देवभोग मार्ग में इंदागांव मोड़ के पास शनिवार को सीमेंट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। यह ट्रक रायपुर से सीमेंट भरकर देवभोग झाखरपारा जा रहा है।




## खबर संक्षेप



### पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे काम : बिशाखा

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम पंचायत खैरझिटी में बिशाखा रेवा ठाकुर उपसरपंच पर जीत हासिल कर अपनी लोकप्रियता साबित की है। शिक्षित, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे लगातार पहले बार जीत हासिल कर गांववासियों की पसंद बनीं बिशाखा रेवा ठाकुर ने जीत के बाद सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगी। उनका कहना है कि वे ग्रामीण की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगी। ग्रामवासियों ने भी उनके उपसरपंच बनने उनका गुलाल लगाकर बधाई दिया। इस मौके पर इस मौके पर सरपंच डेमेश्वर दीवान, सचिव नागवंशी दीवान, लक्ष्मण वर्मा, संतराम ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, उमान ठाकुर, पहाड़सिंह ध्रुव, हरीश बृजलाल यद्धु, पटेल, उमाशंकर यादव, गैंदलाल ठाकुर, गिरधारी ठाकुर, रोहन, टंकेश्वर, तुलसी, छन्नु ध्रुव, मंजु छबीला सेन, ठाकुर, गुपेन्द्र ध्रुव, डंगेश्वरी, त्रिवेणीपटेल, प्रकाश, कुंती, तोमेश्वरी, शिवकुमारी, बंसती, शिक्षक लेख नारायण सोनी छोटन लाल सिन्हा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# संघर्ष हमें ज्ञान और मुक्ति की ओर ले जाता है : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम चरौदा में श्रीमद भागवत कथा आयोजन का आज चौथा दिन है। इस तरह गजेन्द्र मोक्ष, रामावतार, कृष्ण जन्म व बाल चरित्र कथा प्रसंग पर चर्चा होगी। कथा वाचक प्रसिद्ध विद्वान भगवताचार्य बाल योगी विष्णु अरोड़ा है। परायणकर्ता पं. श्री पुष्कर प्रसाद तिवारी लोहरसी है। शनिवार को कथा प्रसंग समुद्र मंथन पर विस्तृत शार्गभित व्याख्या दिया। आयोजन स्व नेमू राम, स्व रेवती रमण, स्व गायत्री की पुण्य स्मृति में चन्द्र प्रकाश सिन्हा, युगल किशोर सिन्हा के तत्वावधान में आयोजित है। कथाकार विष्णु अरोड़ा ने कहा की समुद्र मंथन की कथा, देवताओं और असुरों के बीच अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र को मंथन करने की कहानी है। यह कथा केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं है, बल्कि यह जीवन के संघर्षों और दुविधाओं का प्रतीक है। कथा को आगे बढ़ाते कहा की भागवत कथा के अनुसार, मानव जीवन भी एक समुद्र मंथन की तरह है, जहाँ हमें अपने भीतर के अच्छे और बुरे विचारों, इच्छाओं और भावनाओं का सामना करना पड़ता है। समुद्र मंथन में, देवताओं और असुरों को मिलकर काम करना पड़ा, जिससे अंततः अमृत प्राप्त हुआ। इसी प्रकार, जीवन में भी हमें सत्य और असत्य के बीच चयन करना पड़ता है, और सही रास्ते पर चलने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। समुद्र मंथन की कथा से हमें यह सीख मिलती है कि जीवन में संघर्ष और दुविधाएँ हैं, लेकिन हमें इनसे डरना नहीं चाहिए। हमें अपने भीतर के सत्य को खोजने और उस पर चलने का प्रयास करना चाहिए, जिससे अंततः ज्ञान और मुक्ति प्राप्त हो सके।

■ गजेन्द्र मोक्ष, रामावतार, कृष्ण जन्म व बाल चरित्र कथा प्रसंग आज

### अपनी गलतियों से सीखे और बेहतर इंसान बनें



भागवत कथा हमें आत्म-मंथन के महत्व पर भी जोर देती है। हमें अपने विचारों, भावनाओं और कार्यों का विश्लेषण करना चाहिए, ताकि हम अपनी गलतियों से सीख सकें और बेहतर इंसान बन सकें।महाराज विष्णु अरोड़ा ने कहा समुद्र मंथन की कथा हमें सिखाती है कि जीवन एक संघर्ष है, लेकिन यह संघर्ष हमें ज्ञान और मुक्ति की ओर ले जाता है। हमें अपने भीतर के सत्य को खोजने और उस पर चलने का प्रयास करना चाहिए, जिससे हम एक बेहतर जीवन जी सकें। कथा 13 मार्च तक चलेगा। इस दौरान सिन्हा समाज प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा रायपुर, जनपद सदस्य टायल राम साहू, तिजिया बाई सिन्हा, बिमला सिन्हा चन्द्रप्रकाश - पुष्पलता सिन्हा मित्रकिशोर- इंदु सिन्हा वेदराम साहू, परदेशी राम सिन्हा, डॉ. राजाराम सिन्हा, सुमन, लक्ष्मीनारायण -रीतू, संतोष - तामेश्वरी, योगी - उमा, सुमित किशोर (वासु), सुनील किशोर (सन्नी), गरिमापुरषोत्तम, गोपाल, जनक, शंकर, दुर्गाप्रसाद,ललित, दानी, अनिल, संजय उपस्थित थे।

# नवापारा बस स्टैंड पर अव्यवस्था का आलम बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर चढ़ाते हैं सवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



इस शहर की पहचान आसपास के क्षेत्र में व्यावसायिक नगरी के रूप में है। रायपुर से गरियाबंद-मैनपुर-देवभोग जाने के लिए नवापारा से होकर जाना एक मात्र विकल्प है। वहीं मगरलोड, कुरूद महासमुंद एवं आरंग भी नवापारा के रास्ते पहुंचा जा सकता है। रोज आसपास गांव के हजारों गांव के लोग नवापारा में व्यापार करने के लिए आते हैं एवं मृतात्मा की शांति पूजा एवं अस्थि विसर्जन करने भी सैकड़ो की संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। बात यदि यहां के बस स्टेण्ड की करे तो अव्यवस्था का आलम है। बस स्टैंड दो भागों में बंटा हुआ है। राजिम से आने वाली महानगरीय बस सेवा की बसे अपने निर्धारित स्थान पर आकर सवारियां भरती है। वहीं नवापारा से आरंग जाने वाली बसें भी अपने निर्धारित स्थल बस स्टैंड परिसर में सवारिया चढ़ाती एवं उतारती है। किंतु देवभोग से रायपुर के लिए चलने वाली लंबी दूरी की बसे बस स्टैंड के सामने बीच सड़क में खड़ाकर सवारियां चढ़ाती एवं उतारती है। बस स्टैंड के दूसरे भाग पर मगरलोड जाने वाली बसें गंज रोड पर खड़ी होकर सावरिया चढ़ाती एवं उतारती है। इस प्रकार बस मुख्य मार्ग में खड़े होने के कारण यातायात प्रभावित होती है एवं आवागमन बाधित होता है। जिससे गुजरने वाले लोगों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। गौरतलब है कि बस स्टैंड लगभग 40000 से 50000 वर्गफुट क्षेत्रफल में फैला हुआ है किंतु इतने बड़े क्षेत्रफल में व्यवस्थित तरीका न होने के कारण अव्यवस्था का आलम है। विभिन्न मार्गों पर चलने वाले वाहन चालक अपनी मर्जी से कहीं पर भी सवारी चढ़ाते एवं उतारते हैं। बस स्टेण्ड में पहले पुलिस की डयुटी लगा करती थी अब ऐसा नही है जिसके चलते वाहन चालक अपने मनमर्जी चलाने लगे है और अव्यवस्था होने लगी है।


### न्यायालय तहसीलदार अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

ग्राम ठेलकाबांधा
रा.प्र.क्र. 202502111100056
अ/6 अ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशोदा जोशी पति मोहन जोशी के द्वारा आममुख्यतारनामा यशराज सतनामी पिता राजजीवन निवासी गोबरा नवापारा तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम ठेलकाबांधा प.ह.नं. 28 तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 247, 256, 266, 272, 285 रकबा क्रमशः 0.060, 0.030, 0.170, 0.250, 0.040 हे. भूमि वर्तमान में चारागाह में समिलात हो गया है जिसे सुधार कर आवेदिका वगैरह के नाम पर दर्ज किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी रा. अभनपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 11/03/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 20/02/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर


## पेज 11 के शेष...

### जिले में ऑडिटोरियम...

अवसर पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि नारी का समाज में उत्कृष्ट स्थान है। महिलाएं दो कुल का नाम रौशन करती है। पिता के साथ पति के कुल का भी नाम रौशन का उत्कृष्ट सामाजिक दायित्व निभाती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं विकास की मुख्य धारा में लगातार आगे बढ़ रही है। जिससे समाज विकसित हो रहा है।

**जहां नारी की पूजा होती है, वहां रहता है देवतुल्य वातावरण-** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का उत्कृष्ट सम्मान एवं सर्वोच्च स्थान रहा है। उन्होंने अहिल्या बाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं की वीरता की कहानी बताकर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवतुल्य वातावरण रहता है। सरकार भी महिलाओं के विकास एवं नारी शक्ति को सुदृढ़ करने लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति, स्नेह एवं शौर्य का प्रतीक है। नारी के विकास से ही सबका विकास जुड़ा होता है। महिलाएं घर के साथ-साथ बाहर की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही है।

### महानदी का हाल...

शहर को टच करते हुए आगे बढ़ी है। यहीं पर पैरी और सोढुल भी आकर समाहित हो गई है। नदी में प्रदूषण के कारण लोग नहाने से हिचकते है। यदि वाकई में इस दो किमी के दायरे की साफ-सफाई हो जाती है तो महानदी का अस्तित्व फिर से अपने रूप में आ जाएगी। शपथ ग्रहण के बाद नए पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू सबसे पहले गार्डन का निरीक्षण की और उसके बाद शनिवार को महानदी पहुंचकर निरीक्षण किया। लोगों ने अध्यक्ष ओमकुमारी साहू की प्रशंसा किया है।

### सरगी नदी की...

नदियां गंगा स्वरूप है और एक गंगा स्वरूप नदिया जो कि हमारे जीवन है कही न कही हमारा जीवन निर्भर है। जिस क्षेत्र की नदी है जहां भी मैं कथा करने जाती हूं कथा मैं इसलिए ही शुरू की है ताकि जन जागरण हो सके तो वहां के जो जल स्त्रोत है वहां की नदियां हैं सरोवर है जिनके प्रति हमारे मन में आस्था जागृत हो हमारे मन में पूज्य भाव आए ऐसा भाव जागृत आ जाए तो हम इसकी संरक्षण कर सकते हैं। यही संरक्षण आने वाली पीढ़ी के लिए सुख दाई होगा। इस कारण हम शिव महापुराण की कथा में आए हैं। लोहरसी में सरगी नदी के तट पर एक हजारों नदी पहरियों को भी संकल्प दिलाए हैं। नदी की सुरक्षा के लिए और इन्हें नदी पहरी अभियान से जोड़ा है यहां के युवाओं को नदी पहरी बनाया है सरगी नदी पर हम महा आरती करेंगे और हमेशा यहां पर जल भराव रहे यही उद्देश्य से हम शिव महापुराण कथा कर रहे हैं इससे हमारे पीढीयो का संरक्षण होता रहे।

## सूखा नदी में बैराज की मांग को विधायक रोहित ने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर क्षेत्र 18 गांवों के किसानों की प्रमुख मांग सूखा नदी पर बैराज की मांग को अब विधायक रोहित साहू के भगीरथ प्रयासों से पूरी होने जा रही है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सूखा नदी पर बैराज की मांग को विधायक रोहित साहू ने ध्यानाकर्षण के जरिए सदन में प्रमुखता से रखा है। विधायक रोहित साहू की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तत्काल बजटीय प्रावधान कर वित्तीय स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। विदित हो कि फिंगेश्वर क्षेत्र के 18 गांव क्रमशः जामगांव, कोसमखूंटा, लचकेरा, पथर्री, सरगोड़, खैरझिटी, भेंडरी, गुंडरदेही, तर जूंगा, रजकट्टी, बोरिद, बनगंवा, बम्हनदेही, बिड़ोंरा, सरकड़ा, सोनासिल्ली, नाचनबाय तथा मंदबाय के किसान विगत कई वर्षों से सूखानदी बैराज संघर्ष समिति बनाकर वर्षों से सूखा नदी पर बैराज की मांग कर रहे हैं। किसानों की इस पीड़ा को किसानपुत्र विधायक रोहित साहू ने समझते हुए प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत विधानसभा में मुख्यमंत्री, जलसंसाधन मंत्री तथा वित्त मंत्री के समक्ष किसानों की बात को प्रमुखता से बिंदुवार रखा। गौरतलब है कि सूखा नदी पर बैराज बन जाने से क्षेत्र के 18 गांवों के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलने में आसानी होगी तथा हजारों एकड़ असिंचित भूमि की प्यास को इससे बुझाया जा सकेगा।








प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123







प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) – छुरा, मो. 9893464850

## खबर संक्षेप



### मीरा ने किया पदभार ग्रहण

**छुरा।** जनपद पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने जनपद अध्यक्ष के रूप में पद भार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे। जिसमें वेश नारायण ठाकुर उनके पुत्रों ने उन्हें जिम्मेदारी देकर शुभकामनाएं दी।

### सिर्रीखुर्द के नेमू बने निर्विरोध उप सरपंच

**कोपरा।** ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में शनिवार को उप सरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें समस्त पंच गण अपनी एकता दिखाते हुए निर्विरोध गांव के वरिष्ठ नागरिक



पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज नेमू राम साहू को अपना उप सरपंच चुना। गांव के विकास कार्य करने के लिए समस्त ग्रामवासी व सभी पंचगण ने सरपंच उपसरपंच और पंच को जिम्मेदारी सौंपी हैं। उपसरपंच बनने के बाद नेमू साहू ने कहा की जिस प्रकार मेरे वार्ड के मतदाताओं ने मुझे पंच चुना उसी प्रकार सभी मेरे पंच ने मुझे गांव के विकास के लिए उप सरपंच चुना हैं मै सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और मैं चाहता हूं कि हमारे गांव का विकास केवल सड़क नाली बनाना नहीं है यहां की अर्थव्यवस्था स्वास्थ्य शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण चीजों को एक बड़े स्तर में ले जाना और उच्च सुविधा दिलाना हमारा प्रथम प्राथमिकता रहेगी हम चाहते हैं कि हमारे गांव की कोई भी बच्चा अशिक्षित स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी परेशानी ना हो और हमारे गांव का विकास निरंतर बढ़ता रहे।

### निलेश टंडन लोहरसी के उपसरपंच बने

**कोपरा।** त्रिस्तरी पंचायत चुनाव होने के बाद अब पंचायत स्तर पर उप सरपंच के चुनाव शनिवार को



हुआ। जिसमें ग्राम लोहरसी से निलेश टंडन उपसरपंच के प्रबल दावेदार के रूप में उभर कर सामने आ रहे थे साथी खेमचंद यादव भी प्रभाव में बने हुए थे जैसे ही चुनाव शुरू हुआ माहौल थोड़ा गरमाया हुआ था 2 बजे जैसे ही चुनाव का परिणाम आया तो निलेश टंडन तेरह वोट व खेमचंद यादव 8 वोट पाया और 5 वोट के अंतर से निलेश टंडन ने बाजी मार ली और उप सरपंच के पद पर आसीन हो गए। सभी पंचों व सरपंच तथा गांव के आम नागरिकों ने उप सरपंच बनने पर निलेश टंडन को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सरपंच लोमश साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि शिव ध्रुव, पूर्व उपसरपंच गजानंद टंडन, पंच प्रेमानन्द साहू, जागेश्वर साहू, रामदयाल टंडन, खेमचंद यादव, तुलेश ढीढी, भगवानदास, बलराम, नन्दलाल, नेमिशरण, नम्मू साहू, रामकुमार, ओमप्रकाश पटेल, भानु ध्रुव, रमेशर, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## दिवस : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैनपुर में जागरूकता रैली निकाली गई

# महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की राह दिखाई : नंदिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में बिहान समूह, मितानिन व स्थानीय ग्रामीण सैकड़ो महिलाओं ने जागरूकता रैली निकालकर नारे लगाए। इस कार्यक्रम में नगर सहित क्षेत्र के महिलाओं ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। नारी शक्ति का उत्साह के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया रैली के पश्चात जनपद पंचायत सभाकक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदिनी नेताम, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य मैनपुर कुमारीबाई पटेल एवं विकासखण्ड कार्यक्रम पर्यवेक्षक हेमंत कुमार तिर्की, क्षेत्रीय समन्वयक विजय रात्रे, पीआरपी खेत्री मनहरे विशेष रूप से उपस्थित थे। नंदिनी नेताम ने कहा की महिलाएं आज पुरुष के बराबर है किसी काम में महिलाएं पीछे नहीं है महिला दिवस महिलाओ को उनकी क्षमता समाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की दिलाने और उन महिलाओं को याद करने का दिन है जो इस युग में आत्मनिर्भर बनने प्रेरित कर रही है। जनपद पंचायत सदस्य कुमारीबाई पटेल ने कहा की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रम चला रहे है। महिलाओं को अब 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है जिससे घर की चार दीवारी से बाहर निकलकर महिलाएं अब कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बढ़- चढ़कर हिस्सा ले रही है। छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हे आत्म सम्मान से जीने की राह दिखाई है।

### महिलाएं हर क्षेत्र में आगे

विकासखण्ड पर्यवेक्षक हेमंत तिर्की ने कहा की आज के जमाने में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है। उन्होने सभी पालको से अपील किया बेटी -बेटा पर समान रूप से ध्यान देने उनका पालन पोषण हमारी जिम्मेदारी है बेटी को कम नहीं समझे मान सम्मान देने और उसमें आत्मविश्वास जागृत करने की शुरूआत अपने घरों से ही करने का आह्वान किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से रूखमणी यादव, पार्वती बघेल, चैती मरकाम, बिम्बेश्वरी, चंद्रिका मरकाम, धनेश्वरी, ओम साहू, वृंदावती साय, रूखमणी साहू, दिलेश्वरी मरकाम, ओमबाई नागेश, ललिता पटेल, विशाखा पटेल, तारामती नेगी, राम्हीन परस, मोहिनी साहू, धनमति मांझी, फुलमति, रेखा यादव, सरिता सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।




वहीं दूसरी ओर खोज एवं जनजागृति समिति के तत्वाधान में महिला नेतृत्व पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 35 ग्रामों की ग्रामसभा सदस्यों और जनप्रतिनिधियो सहित 300 महिलाएं शामिल हुए। इस दौरान महिला सशक्तिकरण, महिला हिंसा रोकने, बेटियो की रक्षा, नशामुक्ति समाज पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, सरस्वती ध्रुव, पुष्पा कपिल, पुनई बाई, अमिका बाई, दुतिया बाई, डिगेश्वरी राठौर, ईश्वरी बाई, आसमति बाई, मनमति नाग, रामबाई, सावित्री मरकाम, गुरूबाई नेताम, बरखा गोस्वामी, उमा ध्रुव, लोकेश्वरी ठाकुर, सत्यवती, मन्नुलाल नेताम, राजबाई, धनमोति सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# घर को घर बनाने में स्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. भोल



**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय के परिसर में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस यूनिट और वुमन्स सेल आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री मुस्कान साहू थी, ग्राम कोसमी की सरपंच धनेश्वरी मरकाम तथा राष्ट्रीय भारत्तोलन स्पर्धा की खिलाड़ी कुमकुम ध्रुव उपस्थित थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद महलवार ने की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास के द्वारा अतिथियों और विश्वविद्यालय के महिला कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि घर को घर बनाने में स्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान है। छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री मुस्कान साहू ने कहा कि एक सशक्त समाज वहीं होता है जहां महिलाओं को समान अधिकार और आदर मिलता है। क्योंकि नारी केवल ममता और करुणा की प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति और आत्मनिर्भरता की मिसाल भी है। महिलाएँ केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और देश के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला भी हैं। वे शिक्षिका, डॉक्टर, वैज्ञानिक, नेता, उद्यमी, और सैनिक बनकर हर क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयाँ छू रही हैं। ग्राम पंचायत कोसमी की सरपंच श्रीमती धनेश्वरी मरकाम ने कहा कि नारी का सम्मान केवल एक दिन नहीं बल्कि बल्कि हर दिन किया जाना चाहिए। एक शिक्षित और आत्मनिर्भर नारी पूरे परिवार और समाज को समृद्ध बनाती है। राष्ट्रीय भारत्तोलन स्पर्धा के खिलाड़ी कुमकुम ध्रुव ने कहा कि यदि आप कड़ी मेहनत करेंगे तो सफ़लता अवश्य मिलेगी। स्त्रियां आज खेलों में कड़ी मेहनत के बल पर देश का नाम रौशन कर रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक और ग़ैर शैक्षणिक कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने सभी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाई है: सतीश चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले महिलाओं का जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी, जनपद सदस्य सूखबती टांडे, अतिरिक्त सीईओ आरके ध्रुव, पंचायत निरीक्षक के आर यादव की उपस्थिति में महिलाओं का श्रीफल एवं साड़ी प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि महिलाएं आज घर गृहस्ती से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी भूमिका तय कर रही है, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान करते हुए कहा कि हम सबके लिए गौरव का विषय है कि हम सबके बीच ऐसी महिलाएं हैं जो लगातार समाज में कार्य कर रहे हैं, राधा रानी स्वच्छता समूह पोड़ के अध्यक्ष प्रेमीन साहू, सचिव योगेश्वरी साहू विगत 10 वर्षों से ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन कर रहे हैं उनके समूह में कुल 16 सदस्य हैं लगातार उनके अच्छे कार्य के लिए उनका सम्मान किया गया। इसी तरह गरिमा स्व सहायता समूह कुटेना के अध्यक्ष रेखा साहू, सचिव पद्मनी पटेल द्वारा विगत कई माह से कचरा का कलेक्शन कर रहा है। साथ ही साथ अन्य क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का भी सम्मान किया। इस अवसर पर विकास सोनी सहित विभिन्न समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

# आदर्श व श्रेष्ठ महिलाओं के कार्य करने का ढंग अलग होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

- सिर्रीखुर्द स्कूल में मनाया महिला दिवस, महिलाओं का हुआ सम्मान

प्राथमिकता शाला सिर्रीखुर्द में महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नवपदस्थ जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद नंदनी साहू, अध्यक्षता पूर्व सरपंच टिकेश साहू, सरपंच टिकेश साहू विशिष्ट अतिथि प्रतिनिधि ओमकार साहू, उपसरपंच नेमू राम साहू , बाबूलाल साहू अध्यक्ष सोसायटी कौदकेरा, दूजलाल साह थे। मंच संचालक शिक्षक खोमन साहू थे। ओमकार साहू ने की कहा की आज नारी देश प्रदेश के हर क्षेत्र के विकास की भागीदारी बन कर कंधा से कंधा मिल कर चल रही है। इन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के विभिन्न कल्याणकारी योजना दी जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना भी है।

आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने साय साय महतारी योजना की 13 वीं किस्त जारी की है। वहीं कार्यक्रम मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य नंदनी साहू ने कहा कि हर महिला के कार्य करने का ढंग अनोखा होता है, लेकिन हमारे आस-पास आप जैसी ऐसी न जाने कितनी सफल व श्रेष्ठ गुणों से युक्त महिलाएं होती हैं, जो अपने कार्यों को सर्वश्रेष्ठ स्तर का करती हैं। जब कोई आप से मिलता है, तो वह प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाता। ऐसी महिलाएँ अपने जीवन में सफलता के नए सोपानों पर निरंतर कदम बढ़ाती हैं और जीवन में न सिर्फ स्वयं आगे बढ़ती हैं, बल्कि अपने साथ औरों को भी आगे बढ़ने की सीख देते हुए उन्हें भी आगे बढ़ाती हैं। वहीं मितानिन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य कर्मीयों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्या नंदनी ओमकार साहू, सरपंच देवेन्द्र वर्मा पूर्व सरपंच टिकेश साहू, दयालु राम साहू, हरिराम साहू, नेमू राम साहू, मोहन मारकंडे, टोपेश साहू, खिलावन साहू, महेन्द्र साहू, ममता मतावले, नीतु मार्कण्डे, अगेश्वरी साहू, ओगेश्वरी मारकंडे, लोकेश्वरी साहू, नीरा वर्मा, ज्योति वर्मा, तारिणी वर्मा, सरस्वती कंडरा, हेमलता वर्मा, निर्मला साहू, शांति साहू, सुशीला बघेल, रानू साहू, लीलाबाई साहू, निरूपा निषाद, मंदाकिनी साहू, भगवती यादव, जामा बाई साहू, संतोषी कंडरा, दुर्गेश विश्वकर्मा, घनश्याम कंवर, लीला राम मतवाले, शिक्षक खोमन सिन्हा, पत्रकार भागीरथी सिन्हा उपस्थित रहे।



# उर्मिला, प्रिंस, अनसुइया व यामिनी बने उपसरपंच





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पंचायती राज के चुनाव के अंतिम चरण में उपसरपंच के चुनाव संपन्न हुए, जहां पर ग्राम पंचायत अकलवारा के उर्मिला, मड़ेली के प्रिंस, भेसमुड़ा अनुसुईया यादव, मोगरा पिलम राम, दादर गांव यामिनी चंद्राकर , रसेला परमेश्वर यादव, हरदी रूपनाथ बंजारे सहित क्षेत्र के लगभग 74 ग्राम पंचायत में संपन्न हुआ है उनके चुनाव होने पर ग्रामीण पुष्पमाला गुलाल लगाकर बधाई दी है। प्रमुख रूप से गोवर्धन दीवान, सुहाग बाई , टिकेश्वरी तांडी, भोज बाई, याद राम, दुलारी बाई, सोनू लाल, तोकेश्वर सेन, हीरो बाई, पन्नालाल, राधिका निषाद, लेखराम ध्रुव, बीरम बाई, लकेश्वरी दीवान, रोहित कुमार साहू, लकेश्वरी ध्रुव, मन्नू राम निर्मलकर , गौतम सिंह, ग्राम पंचायत भेसमुड़ा के पुलेश्वरी ध्रुव, योगेश्वर यादव, पार्वती साहू, अजय कंवर, शान्ति बाई, तामेश्वरी कंवर, रामेश्वरठाकुर, केश राम सोनी, धनेश्वरी सिन्हा, भोज बाई, चेतन मरकाम, बाघराय नागेश, देवबती ठाकुर, धनेश्वरी, ग्राम मड़ेली के अशोक ध्रुव, मनजीत सिंह गुरु दत्ता, हरदी के सन्तूध्रुव, दादर गांव के दुवासु ठाकुर सहित मोगरा के मनी राम नागवंशी सहित ग्रामीणों ने बधाई दी है।

# बासीन में गंगा बाई सरपंच एवं दिलीप बने उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

हाल ही में ग्रामीण अंचलों में पंचायत चुनाव हुआ जिसमें ग्राम बासीन से ग्रामवासियों एवं मतदाताओं के एक तरफा रुझान एवं मतदान से एक तरफा मत प्राप्त करके प्रचंड मतों के साथ गंगा बाई रामबिशाल ओगरे सरपंच पद पर जीत हासिल कर निर्वाचित हुई थी। वहीं कुछ समय बाद उपसरपंच पद के लिए चुनाव किया गया जिसमें दो प्रत्याशियों में से दिलीप तोंडरे उपसरपंच के लिए निर्वाचित हुआ। सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई गंगाबाई रामबिशाल ओगरे ने इतनी बड़ी जीत के लिए ग्राम बासीन के समस्त देवतुल्य मतदाताओं को आभार एवं धन्यवाद दिया और कहा आज लोगों ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी गांव के विकास के लिए गांव के सुख शांति के लिए मुझे नियुक्त किया है।मैं मेरे ग्राम वासियों की विश्वासों को उनकी उम्मीदों को पूरी ईमानदारी निष्ठा और समर्पण भावना के साथ करूंगी। मैं गांव के विकास के लिए हमेशा आगे रहूंगी एवं नवनिर्वाचित उपसरपंच दिलीप दिलीप तोंडरे को बधाई शुभकामनाएं दिया। वहीं नवनिर्वाचित उपसरपंच दिलीप तोंडरे ने सभी पंचों को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें उपसरपंच पद के लिए नियुक्त किए और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब समान हैं। सभी पंचों के समर्थन से में उपसरपंच निर्वाचित हुआ हूं लेकिन हम सब समान है एक होकर हमारे ग्राम विकास के लिए काम करेंगे। जीत के पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच समस्त पंचगण के साथ वरिष्ठ नागरिक एवं ग्राम वासियों के साथ गांव की देवी देवताओं का पूजा अर्चना कर गांव के सुख समृद्धि और शांति बनाने के लिए मनोकामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस अवसर पर पंच खेमिन साहू, रवि वैष्णव, लेखू साहू, मालती साहू, तेजा ध्रुव, उमेश्वर साहू, रिना यादव, कुलेश्वर पटेल, जितेश्वरी साहू, रामेंद्र शर्मा, लताबाई पूर्रे, गायत्री रात्रे, सरस्वती बंजारे, सागर चतुर्वेदी, प्रकाश तोंडरे, कुंती यादव, महेश्वरी नागेश, लता साहू, फूल बाई और वरिष्ठ नागरिक भोज साहू, घासी साहू, रामा साहू, भावसिंग तोंडरे, पुरुषोत्तम बंजारे, नारद साहू, लेखु सेन, दिनेश साहू, सोहन साहू, एवन दास पूर्रे, योगेश यादव, रोशन डहरिया, विकाश चतुर्वेदी, खेवन साहू, कमल यादव, रामप्रसाद तोंडरे, जीवन बनर्जी, प्रताप घृतलहरें, गुलाब कोसरे, राजेंद्र रात्रे के साथ भरी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# चैतरा में गणेशिया-रवि सरपंच व परमेश्वरी-मनोज बने उपसरपंच



**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत चैतरा में नवनिर्वाचित सरपंच गणेसिया रविराम एवं अन्य पंचों की उपस्थिति में उपसरपंच पद के लिए चुनाव अधिकारी पीठासीन, सहायक पीठासीन भानुप्रताप ध्रुव द्वारा शांति पूर्ण उपसपंच पद के लिए चुनाव कराया गया। जिसमें नवनिवाचित उपसरपंच परमेश्वरी मनोज यादव को उपसरपंच पद के लिए चुना गया।इस अवसर पर ग्राम के पंचगण केवरा साहू, छैला बाई यादव, बिंदु टंडन, भुनेश्वरी साहू पन्ना लाल खुटे, अनिल साहू, पवन कुमार ध्रुव, गोविन्द यादव, सकून बाई ध्रुव, श्रीराम साहू, चोवा खुटे, भगवान दास पूर्व सरपंच संजय कंडरा, वासुदेव यादव, दिव्यांग सघ जिलाध्यक्ष जागेश्वर साहू, नरेश साहू, हेमंत साहू, गैद लाल खुटे, लेखराम, खुमान साहू, कुंजबिहारी साहू, गजानंद साहू, कमल ध्रुव, टोमन खुटे आदि सभी उपस्थित होकर उपसरपंच को बधाई दी है।







